दिन– बुधवार                                                    दिनांक– 20 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                    अवधिः– 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान एसआईआर की प्रक्रिया में अनियमितता बरतने के आरोपों को सिरे से खारिज किया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना से बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच अनुग्रह राशि का वितरण करेंगे। प्रत्येक परिवार के बैंक खाते में भेजी जायेगी सात–सात हजार रूपये की राशि।

03. उप–राष्ट्रपति के चुनाव के लिए एनडीए के प्रत्याशी सी.पी. राधाकृष्णन आज नामांकन दाखिल करेंगे।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय। मौसम विभाग ने आज पूर्णियां, अररिया और किशनगंज जिले में एक दो स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान एसआईआर की प्रक्रिया में अनियमितता बरतने के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। आयोग ने कहा है कि राहुल गांधी ने सासाराम में रंजू देवी नाम की एक मतदाता का नाम एसआईआर की प्रारूप सूची में शामिल नहीं होने का आरोप लगाया था। यह आरोप पूरी तरह असत्य और निराधार है। रोहतास के जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने इस पूरे मामले की जांच की। जांच रिपोर्ट में बताया गया है कि रंजू देवी सहित उनके पूरे परिवार का नाम जिले के चेनारी विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या तीन सौ बयालीस पर अंकित है। वहीं, आयोग ने कहा कि नवादा में श्री गांधी ने अपने मंच पर एक मतदाता सुबोध कुमार को बुलाकर दावा किया था कि उनका नाम भी प्रारूप सूची से हटा दिया गया है। इस मामले की जांच के दौरान पाया गया कि सुबोध कुमार का नाम उनतीस अक्टूबर दो हजार चौबीस, एक जनवरी दो हजार पच्चीस और एक अगस्त दो हजार पच्चीस को प्रकाशित प्रारूप सूची में दर्ज नहीं है। बीएलओ ने उनसे नाम जुड़वाने का आग्रह किया था, लेकिन उन्होंने इसमें रूचि नहीं दिखाई। आयोग ने कहा है कि उनके परिवार के सभी सदस्यों के नाम मतदाता सूची में हैं।

———————————————————————————

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय झा ने कहा है कि एसआईआर को लेकर बिहार के लोगों को कोई दिक्कत नहीं है। संवाददाताओं से

बातचीत में श्री झा ने कहा कि प्रदर्शन कर रहे विपक्षी दलों को एसआईआर पर बिहार के लोगों की राय जाननी चाहिए।

———बाईट———

——————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल ने कहा है कि एसआईआर के मुद्दे पर विपक्षी दल बिहार को बदनाम कर रहे हैं। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में डॉक्टर जायसवाल ने कहा कि राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा का बिहार के लोगों पर कोई असर नहीं होगा।

———बाईट———

——————————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने विपक्षी दलों पर एसआईआर के मुद्दे को लेकर आम लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अभी तक किसी भी राजनीतिक दल ने प्रारूप सूची पर दावा आपत्ति नहीं की है। विपक्षी दल सिर्फ इस मुद्दे को लेकर हंगामा कर रहे हैं।

———बाईट———

——————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच अनुग्रह राशि का वितरण करेंगे। श्री कुमार छह लाख पच्चीस हजार परिवारों के बैंक खातों में सात हजार रूपये प्रति परिवार की दर से चार सौ सैंतीस करोड़ पचास लाख रूपये की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी तथा आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री विजय कुमार मंडल मौजूद रहेंगे।

——————————————————————————

उप–राष्ट्रपति के चुनाव के लिए, सत्तारूढ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के प्रत्याशी सी.पी. राधाकृष्णन आज नामांकन दाखिल करेंगे। कल एनडीए संसदीय दल की नई दिल्ली में बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए के नेताओं से श्री राधाकृष्णन का परिचय कराया और उन्हें बधाई दी। बैठक के बाद, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सभी दलों के सांसदों से श्री राधाकृष्णन को सर्वसम्मति से चुनने की अपील की है। इस बीच, विपक्षी इंडिया गठबंधन ने उप–राष्ट्रपति पद के लिए सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को

प्रत्याशी बनाया है। उप–राष्ट्रपति पद का चुनाव अगले महीने की नौ तारीख को होना है। कल नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि है। नामांकन पत्रों की जांच बाईस अगस्त को होगी। श्री जगदीप धनखड़ ने पिछले महीने स्वास्थ्य कारणों से उप–राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। उप–राष्ट्रपति का चुनाव लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों का निर्वाचक मंडल करता है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाईस अगस्त को गयाजी से औंटा–सिमरिया पुल का उद्‌घाटन करेंगे। इस परियोजना के तहत गंगा नदी पर बने लगभग दो किलोमीटर लंबे पुल से पटना जिले का मोकामा, बेगूसराय से सीधे तौर पर जुड़ जाएगा। यह पुल दो–लेन वाले पुराने रेल–सह–सड़क पुल राजेंद्र सेतु के समानांतर बनाया गया है। नए पुल से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच की दूरी सौ किलोमीटर तक घट जाएगी। इस परियोजना से भारी वाहनों के लिए यात्रा खासतौर पर आसान होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस परियोजना की आधारशिला दो हजार सत्रह में रखी थी। वहीं, श्री मोदी गयाजी से ही गया–दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन और वैशाली–कोडरमा फास्ट मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

———————————————————————

प्रदेश के गांवों में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए एक जुलाई से चलाये जा रहे अभियान के तहत अब तक एक लाख सत्तर हजार से अधिक प्रधानमंत्री जनधन खाते खोले गए हैं। भारतीय स्टेट बैंक के पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी ने बताया कि अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में साढ़े चार हजार से अधिक शिविर लगाये जा चुके हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री जनधन खाता धारकों से खाते का सत्यापन करवाने की अपील की।

———बाईट———

———————————————————————

आज से देशभर में उन्नत डाक तकनीक का दूसरा चरण शुरु हो रहा है। इसे डिजिटल इंडिया की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इस तकनीक से अब लोगों को क्यूआर कोड से भुगतान करने, ओटीपी से डिलीवरी लेने और सटीकता बढ़ाने के लिए दस अंकों वाले डिजिपिन का उपयोग करने की सुविधा मिलेगी।

———————————————————————

कृषि विभाग ने उर्वरक की कालाबाजारी करने के आरोप में चौंतीस दुकानदारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है और दो सौ चौदह प्रतिष्ठानों के लाईसेंस रद्द कर दिये हैं। विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने बताया कि जिला स्तर पर उर्वरक की

बिक्री की निगरानी के लिए जांच दल गठित करने को कहा गया है। श्री कुमार ने बताया कि खरीफ सीजन के लिए केन्द्र सरकार से बिहार को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है।

——————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। पटना समेत आस–पास के इलाकों में कल देर रात अच्छी बारिश हुई है। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक बारिश की गतिविधियां बनी रहेंगी। इससे तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट की सम्भावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना ने आज पूर्णियां, अररिया और किशनगंज जिले में एक दो स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

———बाईट———

——————————————————————————

राजगीर में उनतीस अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप पुरूष हॉकी चैंपियनशिप के मुकाबले तय हो गये हैं। उद्‌घाटन मैच मलेशिया और बांग्लादेश के बीच खेला जायेगा। भारत भी पहला मैच उनतीस अगस्त को चीन के खिलाफ खेलेगा। फाइनल मुकाबला सात सितंबर को होगा। इस प्रतियोगिता में भारतीय टीम को पूल ए में जापान, चीन और कजाकिस्तान के साथ रखा गया है। पूल बी में मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश और चाइनीज ताइपे की टीम रखी गयी है। लीग मैच में भारत का दूसरा मैच इकतीस अगस्त को जापान के साथ जबकि तीसरा मैच एक सितंबर को कजाकिस्तान के साथ होगा।

——————————————————————————

मद्य, निषेध और निबंधन विभाग ने अवैध राशि वसूली और चेक पोस्ट पर वाहन की जांच में लापरवाही बरतने के आरोप में नवादा के गोविंदपुर चेक पोस्ट के अवर निरीक्षक नीतीश कुमार, नवादा के सहायक अवर निरीक्षक अरूण यादव और गोपालगंज के बलथरी चेक पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक चौधरी सूर्य भूषण को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

——————————————————————————

सूचना और जनसम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी ने समस्तीपुर जिले के सैदपुर से मुजफ्फरपुर सीमा क्षेत्र के टेपरी स्थित बूढ़ी गंडक नदी के बांये तटबंध की मजबूती और पक्कीकरण कार्य का शुभारंभ किया।

——————————————————————————

पटना के पालीगंज के कटकादल्लु बिगहा गांव से पुलिस ने दो कुख्यात नक्सलियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के चकिया थाना क्षेत्र से पुलिस ने साईबर ठग गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक के बैंक खाते में एक करोड़ रूपये मिले हैं।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने राज्य मंत्रिमंडल के फैसले को प्रमुखता देते हुये लिखा है– राज्य की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अब मात्र सौ रूपये शुल्क।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– अनुकंपा पर शिक्षा विभाग में पांच हजार तीन सौ तिरेपन को नियुक्ति पत्र।

प्रभात खबर ने भारतीय उद्योग परिसंघ की रिपोर्ट के हवाले से लिखा है– दो हजार छियालीस–सैंतालीस तक एक हजार एक सौ अरब डॉलर की हो जायेगी बिहार की अर्थव्यवस्था।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– उपराष्ट्रपति चुनाव– विपक्ष ने जस्टिस रेड्डी को उतारा, मुकाबला तमिल बनाम तेलुगू।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– भारत चीन के करोबारी रिश्तों में गर्माहट।

आज अखबार ने राहुल गांधी के बयान को प्रमुखता देते हुये लिखा है– अगर वोट का अधिकार छिना, तो चले जायेंगे सारे अधिकार।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान एसआईआर की प्रक्रिया में अनियमितता बरतने के आरोपों को सिरे से खारिज किया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना से बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच अनुग्रह राशि का वितरण करेंगे। प्रत्येक परिवार के बैंक खाते में भेजी जायेगी सात–सात हजार रूपये की राशि।

03. उप–राष्ट्रपति के चुनाव के लिए एनडीए के प्रत्याशी सी.पी. राधाकृष्णन आज नामांकन दाखिल करेंगे।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय। मौसम विभाग ने आज पूर्णियां, अररिया और किशनगंज जिले में एक दो स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।